# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 12.09.2023**

**थाना कैराना पुलिस द्वारा गुमशुदा 03 नाबालिग बच्चों को किया सकुशल बरामद।**

ज्ञात हो कि दिनांक 10.09.2023 को मौहल्ला आलकलां थाना कैराना निवासी 03 व्यक्तियों नें अपने 03 नाबालिग बच्चों के गुम हो जाने के सम्बन्ध में थाना कैराना पर तहरीर दाखिल की गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा गुमशुदा युवको की शीघ्र बरामदगी हेतु क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस व सर्विलांस सैल की संयुक्त टीम गठित कर नाबालिग बच्चो की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपहृत/ गुमशुदा बच्चो की तलाश अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस व सर्विलांस सैल की संयुक्त टीम द्वारा 03 नाबालिग बच्चो को दिनाँक 11.09.2023 को जनपद अजमेर राजस्थान रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-** पूछताछ पर नाबालिग बच्चो नें बताया कि हम लोग दिनाँक 09.09.2023 को समय करीब 14.00 बजे अपने अपने घरों से बिना बताये अजमेर राजस्थान में दरगाह शरीफ घुमने गये थे। हमारे मोबाईल की बैट्री खत्म हो गयी थी इसीलिये हम घर सूचना नही दे पाये थे। दरगाह शरीफ दर्शन करने के बाद हम लोग कलियर शरीफ जाने के लिये अजमेर स्टेशन पर आये थे तो स्टेशन के प्रवेश द्वार पर ही हमें हमारे घरवाले व पुलिस वाले मिल गये थे फिर हम उनके साथ घर पर वापस आ गये।

**थाना आदर्शमंड़ी पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामदः-**

दिनांक 11.09.2023 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमंड़ी पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर को फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की 01 मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमंड़ी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त अभियुक्त के अन्य जनपदो से आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

ज्ञात हो दिनाँक 09.08.2023 को वादी श्री जवाहर सिंह पुत्र श्री जिले सिंह निवासी ग्राम राझण्ड थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली की स्प्लेण्डर पल्स मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 19 जे 4289 को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमंड़ी पर सुसंगत धाराओ मे अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्त नें पूछताछ करने पर बताया कि मैं व मेरा साथी आर्यन पुत्र रनदेव निवासी ग्राम बावली थाना बड़ौत जनपद बागपत मिलकर वाहनों की चोरी करते है। करीब 02 माह पूर्व मैने व आर्यन नें यह मोटर साईकिल जाट कालोनी में एक घर के सामने से चोरी की थी तथा चोरी की मोटर साईकिल पर आर्यन नें पुलिस से बचने के लिये अपनी मोटर साईकिल के नम्बरों की फर्जी नम्बर प्लेट बनवाकर लगा ली थी।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. सन्नी पुत्र महिपाल निवासी ग्राम तुगाना थाना छपरौली जनपद बागपत।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस रजि नं0 यूपी 19 जे 4289 (फर्जी नंबर प्लेट रजि0 नं0 UP 19 K 8288)।

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.मु0अ0सं0 151/23 धारा 379/411/465 भादवि थाना आदर्शमंड़ी जनपद शामली।
2.मु0अ0सं0 437/2023 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
3.मु0अ0सं0 137/2023 धारा 323/504/506 भादवि थाना छपरौली जनपद बागपत।
4. मु0अ0सं0 178/2021 धारा 304 भादवि थाना छपरौली जनपद बागपत।



**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

आज दिनांक 12.09.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिला/बालिकाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला/बालिकाओं से अपराध संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की जहर देहर हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त अंकित पुत्र रामदास निवासी ग्राम मन्टी हसनपुर थाना थानाभवन जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 24.08.2023 को थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत महिला से दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न कर जहर देकर हत्या करने के संबंध में मृतका के परिजन द्वारा थाना थानाभवन पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में थाना थानाभवन पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अंकित पुत्र रामदास निवासी ग्राम मन्टी हसनपुर थाना थानाभवन जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.मु0अ0स0 298/2023 धारा 498 A,323,328,304B व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम थाना थानाभवन जनपद शामली।



**थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 साईकिल चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की साईकिल के पुर्जे बरामदः-**

आज दिनांक 12.09.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 साईकिल चोर को चोरी की साईकिल के पुर्जो सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो दिनाँक 06.09.2023 को वादी श्री अशोक कुमार पुत्र श्री विजयपाल निवासी मौहल्ला विकास नगर ग्राम एलम थाना कांधला जनपद शामली की साईकिल को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओ मे अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. गुलफाम उर्फ गुल्लू पुत्र दिलशाद निवासी मौहल्ला नई बस्ती बाईपास रोड थाना कांधला जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी की साईकिल के पुर्जे ( 01 रिम मय टायर, 01 टायर , 01 रिम, 01 चैन, 01 चैन कवर, 02 मडगार्ड, 01 कैरियल )।

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.मु0अ0सं0 430/23 धारा 379/411 भादवि थाना कांधला जनपद शामली।



**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**